AMAR UJALA, Gorakhpur, 7.8.2018
Page No. 3, Size:(20.19)cms X (13.85)cms.

जिले में 50 हजार अपात्र ले रहे थे राशन

आधार से लिंक होने के बाद हुई पहचान, निरस्त हुआ राशनकार्ड, अब पात्रों को शामिल किया जाएगा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिले के करीब 50 हजार लोग अपात्र होने के बावजूद राशन ले रहे थे। आधार से लिंक होने के बाद इनकी पहचान कर राशनकार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। उनके स्थान पर अब पात्र लोगों को शामिल किया जाएगा। जनपद में कुल 7,16,144 राशन कार्ड धारक हैं, जिनमें 1,26,392 के पास अंत्योदय और 5,89,752 पात्र गृहस्थी कार्ड हैं।



सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में डीएम के. विजयेंद्र पांडियन ने कहा कि पात्रों को राशन उपलब्ध कराने के लिए पूरे प्रदेश में एक अगस्त से 'गरीब को अन्न' पखवाड़ा मनाया जा रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों की ओर से किए गए सत्यापन में पात्र पाए गए लाभार्थियों की ऑनलाइन फीडिंग भी कराई जा रही है। पात्रों को शामिल करने के लिए सभी विकास खंडों में जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारी लेखपाल एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों की ओर से किए जा रहे सत्यापनों की क्रास चेकिंग भी कर रहे हैं। नए चयनित पात्रों को 15 अगस्त तक राशन कार्ड का ड्राफ्ट प्रारूप उपलब्ध करा दिया जाएगा। डीएम ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की इस योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में जनसंख्या के हिसाब से 79 प्रतिशत आबादी आच्छादित किया जाना है, अभी यह मात्र 64 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्र में यह आंकड़ा 64 प्रतिशत होना चाहिए, लेकिन यह 54 प्रतिशत है।

गांव में अगले महीने से ई पोस्ट मशीन से बंटेगा राशन

डीएम ने बताया कि पिछले दो महीने से नई ई-पोस्ट मशीन से राशन बांटने का काम शुरू किया गया है। शहरी इलाकों में करीब 93 प्रतिशत राशन ई-पोस्ट मशीन के जरिए बांटा गया है। अगले महीने से ग्रामीण इलाकों में इस मशीन के जरिए वितरण शुरू हो जाएगा।

आधार का डिटेल जरूर दें

नई व्यवस्था के तहत राशन कार्ड में दर्ज विवरण आधार कार्ड में दिए गए विवरण से पूरी तरह से मिलना चाहिए। ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन भी फार्म भरा जा सकता है। डीएसओ कार्यालय, ब्लॉक, तहसील के अलावा डीएम दफ्तर में भी फार्म जमा कर सकते हैं।